Digital Edition
# डेमोक्रेटिक फ्रंट
Website : www.demokraticfront.com
रविवार, 8 दिसंबर 2024 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4
चंडीगढ़
E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362

## एक नजर

### छात्र ने कर दिया बड़ा कांड, स्कूल में प्रिंसिपल को मारी गोली

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, छतरपुर.** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमोरा के प्रिंसिपल एसके सक्सेना की स्कूल में ही पढ़ने वाले 12वीं के छात्र सदम यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब प्रिंसिपल बाथरूम में गए थे, तब छात्र पीछे से पहुंचा और कट्टे से उनके सिर में गोली मार दी। इस घटना में प्रिंसिपल की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद छात्र प्रिंसिपल की स्कूटी लेकर दोस्त के साथ फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्र प्रिंसिपल से परेशान था, हालांकि, पुलिस इस मामले में और गहराई से जांच कर रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आरोपी छात्र उसी स्कूल में पढ़ता था। पुलिस और शिक्षक मिलकर इस घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

### रेप व हत्या मामले में दोषी को सजा-ए-मौत, 63 दिन में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, कोलकाता.** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में हुई एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक बड़ी सफलता मिली है। बारुईपुर के त्वरित अपर जिला न्यायालय ने इस मामले के मुख्य आरोपी मुस्तकिन सरदार को मौत की सजा सुनाई है। यह फैसला राज्य में चल रहे आरजी कर कांड के आंदोलन के बीच आया है। आरजी कर मामले में न्याय की मांग को लेकर राज्यभर में प्रदर्शन हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जयनगर मामले में न्याय मिलने में मात्र 63 दिन का समय लगा है। चार अक्टूबर को एक नाबालिग लड़की ट्यूशन से घर लौटते समय लापता हो गई थी। देर रात उसका शव घर के पास जलाशय से बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में मुस्तकिन सरदार को गिरफ्तार किया था। जयनगर मामले में दोषी को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद राज्य पुलिस ने इस सफलता पर खुशी जाहिर की है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में न्याय मिलने में जो तेजी दिखाई गई है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनका एक ही उद्देश्य था, पीड़िता और उसके परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाना। आरजी कर कांड में न्याय मिलने में देरी हो रही है, जबकि जयनगर मामले में मात्र 63 दिनों में ही दोषी को सजा सुना दी गई। इस तुलना ने राज्य में न्यायपालिका के प्रति लोगों के विश्वास को बढ़ाया है।

### हिंदुओं पर हमलों के बीच 9 दिसंबर को बांग्लादेश जाएंगे विदेश सचिव

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, नई दिल्ली/ढाका.** हिंदुओं पर हमलों के बीच भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी 9 दिसंबर को विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के लिए बांग्लादेश का दौरा करेंगे। यह दौरा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, बांग्लादेश में चल रही कानूनी प्रक्रियाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करने पर भारत का जोर रहेगा। साथ ही, सीरिया में बिगड़ती स्थिति और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा होगी। बांग्लादेश के मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद रफीकुल आलम ने बताया कि एफओसी में वीजा संपर्क, व्यापार, सीमा पर हिंसा और जल-बंटवारा जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। शेख हसीना के प्रत्यर्पण के सवाल पर उन्होंने विदेश मंत्रालय की पिछली ब्रीफिंग का हवाला दिया, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा की संभावना जताई गई थी। सीरिया में बढ़ते संघर्ष को लेकर भारत ने चिंता व्यक्त की है और वहां फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है।

### डबल डेकर बस और टैंकर की जोरदार टक्कर, मची चीख-पुकार, 8 लोगों की मौत

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, कन्नौज.** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस पानी के टैंकर से टकरा गई। घटना के दौरान मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। हादसा कन्नौज जिले के सौरिख के सकरावा क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि डबल डेकर बस कई यात्रियों को लेकर जा रही थी, तभी वह अचानक से आगे जा रहे वाटर टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान की जा रही है और उनके परिजनों को सूचित किया जा रहा है। एसपी कन्नौज ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह हादसा ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ हो सकता है।

### बदमाशों ने बारात में शामिल होकर फाइनेंसर की हत्या की, गांव किलोई में मची भगदड़

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, रोहतक।** गांव किलोई में एक शादी समारोह में अंधाधुंध फायरिंग से सनसनी फैल गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना स्कार्पियो सवार युवकों द्वारा की गई, जो पहले बारात में शामिल हुए और फिर मौका मिलते ही फायरिंग कर दी। घटना में मारे गए युवक की पहचान मंजीत के रूप में हुई है, जो गांव डीघल का निवासी था और फाइनेंशियल काम करता था। उसके साथ मौजूद मंदीप भी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने मंजीत का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। फायरिंग से मची भगदड़जानकारी के मुताबिक, मंजीत और मंदीप देर रात गांव किलोई में एक शादी समारोह में शामिल हुए थे। दोनों युवक वाटिका में खाना खा रहे थे, तभी काले रंग की स्कार्पियो में सवार कुछ युवकों ने वहां पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में मंजीत को कई गोलियां लगीं, जबकि मंदीप को एक गोली लगी। दोनों युवक खून से लथपथ होकर गिर गए। इसके बाद हमलावर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच में जुटीघटना की जानकारी मिलते ही सदर पुलिस और डीएसपी मौके पर पहुंचे और दोनों घायल युवकों को पीजीआई अस्पताल पहुंचाया। जहां मंजीत को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक मंजीत फाइनेंस का काम करता था और प्रारंभिक जांच में इस हत्याकांड में हिमांशु उर्फ भाउ गैंग का हाथ होने की संभावना जताई जा रही है।

# पंचकूला में टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हरियाणा सीएम की मौजूदगी में 100 दिवसीय राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम शुरू किया




**डेमोक्रेटिक फ्रंट, पंचकूला.** हरियाणा के पंचकूला से आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने 100 दिवसीय राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ,स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, परिवहन मंत्री अनिल विज, कालका विधानसभा से विधायक शक्ति रानी शर्मा मौजूद रहीं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश से टीबी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है. इस अभियान को देश के 347 जिलों में चलाया जाएगा.

**हरियाणा से टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत:** टीबी मुक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हरियाणा टीबी मुक्त बनने के लिए एक विशेष अभियान का साक्षी बन रहा है. उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा ने हरियाणा को चुनते हुए यहां की धरती से टीबी उन्मूलन अभियान की शुरुआत की है. उन्होंने कहा मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम इस अभियान को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे. हमें खांसी और बुखार जैसे लक्षण को नजर अंदाज करने वाले सभी लोगों की स्क्रीनिंग करना सुनिश्चित करना है. उन्होंने कहा कि टीबी के खिलाफ लड़ाई में कोई भी पीछे ना रहे, ये सरकार का मकसद होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में साल 2014 के बाद से भारत ने नई सोच और अप्रोच के साथ टीबी के खिलाफ युद्ध शुरू किया है. पिछले 10 सालों में भारत ने TB के खिलाफ काफी काम किया है.

**हरियाणा में टीबी मरीजों का मुफ्त इलाज :** हरियाणा में 1,30,000 ज्ञक्क टेस्ट किए गए थे, जिसमें से 49,018 मरीज पाए गए,हम जितना ज्ञक्क का गहन टेस्ट करेंगे उतने अधिक टीबी मरीज मिलेंगे. टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए हर मरीज की पहचान कर उसका इलाज करना जरूरी है. इस दिशा में हम फार्मूले टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं. टीबी के मरीजों को सरकारी और निजी क्षेत्र में आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज भी दिया जा रहा है. ऐसे मामलों में जहां मरीज आयुष्मान योजना के लिए पात्र नहीं है उनका भी मुफ्त इलाज किया जाता है. टीबी उन्मूलन अभियान कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज हम टीबी मुक्त अभियान का प्रारंभ कर रहे हैं. इससे देश को टीबी मुक्त करने की मुहिम को गति मिलेगी. मुझे सौभाग्य मिला है कि इस अभियान की शुरुआत हरियाणा की धरती से कर रहा हूं और पूरा देश इससे जुडा है. उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त करके स्वस्थ देश बनाने में आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा. जेपी नड्डा ने कहा कि 60 के दशक में टीबी का मतलब डेथ का निमंत्रण था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समस्या चलती रहे और हम भी चलते रहे, ये नहीं चलेगा, इसलिए रणनीति को बदलना होगा और इलाज और तकनीक को बदला गया है. जेपी नड्डा ने कहा कि टीबी मुक्त अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मजबूत रणनीति के तहत काम शुरू किया है. टीबी की जांच पहले जिला स्तर पर सरकारी अस्पताल में होती थी लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्र की हेल्थ डिस्पेंसरी में भी इसकी जांच शुरू की गई. देश में 1 लाख 73 हजार जगहों पर टीबी की जांच शुरू हुई है.देश में 2014 तक 293 जांच लेबोरेटरी थी जो आज बढ़कर 8293 हो चुकी है. ट्रीटमेंट का सक्सेस रेट भी बढ़कर 87 प्रतिशत हो चुका है. जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में हरियाणा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की. जेपी नड्डा ने हरियाणा सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी।

# पंजाब पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल पकड़ा, ग्रेनेड, पिस्टल, ड्रोन बरामद, 10 युवक गिरफ्तार



**डेमोक्रेटिक फ्रंट, अमृतसर।** पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के अभियान के दौरान कमिश्नरेट पुलिस (सीपी) अमृतसर ने पाकिस्तान आधारित हरविंदर रिंदा और विदेश आधारित हैपी पासियन, जीवन फौजी और जशनप्रीत सिंह उर्फ़ लाल द्वारा संचालित सीमापार आतंकवादी मॉड्यूल के 4 मुख्य संचालकों सहित 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर बटाला क्षेत्र में पुलिस विभाग पर संभावित ग्रेनेड हमले को टालने में सफलता प्राप्त की है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए चार मुख्य अपराधियों की पहचान अर्जुनप्रीत सिंह निवासी अवान रामदास, अमृतसर; लवप्रीत सिंह उर्फ़ लव निवासी पेरेवाल, अमृतसर; बसंत सिंह और अमनप्रीत सिंह उर्फ़ अमन दोनों निवासी बाबा बकाला साहिब, अमृतसर के रूप में हुई है। इसके अलावा, लॉजिस्टिक सहायता देने वाले छह हैंडलरों की पहचान भी की गई है, जिनमें बरींदरपाल सिंह उर्फ़ मनी और राजबीर सिंह उर्फ़ राजू दोनों निवासी कटेल, अमृतसर; विश्वास मसीह उर्फ़ भंबो निवासी भागनपुरा, अमृतसर; दिलप्रीत सिंह उर्फ़ मन्ना, हरजोत कुमार उर्फ़ मीतू और जोएल मसीह उर्फ़ रोहन उर्फ़ नोनी, तीनों निवासी डेरा बाबा नानक, बटाला शामिल हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो .30 बोर और एक .32 बोर पिस्तौल, एक हैंड ग्रेनेड और एक ड्रोन भी बरामद किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है ताकि इसके पीछे के अन्य संबंधों का पता चल सके। सीपी अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने जानकारी दी कि मॉड्यूल की गतिविधियों के बारे में मिली विश्वसनीय जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट ने अमृतसर ग्रामीण, बटाला और अमृतसर शहर के रामदास क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों से सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि यह बरामदगी डेरा बाबा नानक के गांव खाना चमारा, रामदास के गांव अवान और अमृतसर शहर के वल्ला क्षेत्र से की गई है। सीपी ने बताया कि दोनों आरोपी बसंत सिंह और अमनप्रीत सिंह उर्फ़ अमन की गिरफ्तारी से अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने 28 नवंबर, 2024 को बटाला में पुलिस अधिकारी के आवास पर हुए हमले का मामला भी सुलझा लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों ने इस मॉड्यूल के दूसरे मुख्य संचालक की पहचान भी कर ली है और पुलिस टीमें उसे पकडने के लिए छापेमारी कर रही हैं। इस संबंध में थाना छावनी, अमृतसर में भारतीय दंड संहिता (बी.एन.एस.) की धाराओं 111(1), 111(2), 111(3), 111(4), 249 और 253, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यू.ए.पी.ए.) की धाराओं 13, 16, 17, 18, 19 और 20 और शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25(6) और 25(7) के तहत एफआईआर नंबर 191 दिनांक 03.12.2024 को मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पीएम मोदी तीन दिवसीय 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' का करेंगे उद्घाटन, पूर्वोत्तर भारत के सांस्कृतिक विरासत की दिखेगी झलक

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में तीन दिवसीय 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' का उद्घाटन करेंगे। पहली बार आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के कई राज्यों की विशाल सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय 6 से 8 दिसंबर तक दिल्ली के भारत मंडपम में पहली बार तीन दिवसीय 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में शिल्प, कला, संस्कृति और पूर्वोत्तर की विविधता के मिश्रण का व्यावसायिक रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' में पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक विरासत की प्रदर्शनी लगेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना, विकसित भारत के लक्ष्य पाने में पूर्वोत्तर की भूमिका पर सत्र का भी आयोजन होगा। महोत्सव में महिला नेतृत्व, सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, कला और संस्कृति पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आठ राज्यों के मंडप और एक ग्रामीण हाट बाजार होगा। कार्यक्रम में प्रत्येक सभी आठ राज्यों से 40-40 कारीगर और किसान शामिल होंगे। इन मंडपों से दो करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा, क्रेता-विक्रेता बैठक से एक करोड़ रुपये का कारोबार होगा। 'अष्टलक्ष्मी महोत्सव' कार्यक्रम में ग्रामीण शिल्प को वैश्विक बाजार से जोड़ने पर ध्यान दिया जाएगा। इस उद्देश्य के साथ 33 जीआई-टैग किए गए उत्पादों के साथ-साथ मुगा और एरी रेशम पर दो प्रदर्शनियां भी होंगी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध शिलांग चैंबर क्वाइअर के साथ तीन रातों तक चलने वाले लाइव प्रदर्शनों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।

### गीता महोत्सव : उपराष्ट्रपति धनखड़ के आगमन से कुरुक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में 8 दिसंबर को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान शहर में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। हर साल लाखों श्रद्धालु और पर्यटक गीता जयंती महोत्सव में भाग लेने के लिए कुरुक्षेत्र आते हैं। इस वर्ष उपराष्ट्रपति के दौरे और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के आगमन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर दिया है। कोहरे के अलर्ट के चलते यातायात मार्गों में बदलाव : मौसम विभाग ने 8 दिसंबर को घने कोहरे की संभावना जताई है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात डायवर्जन प्लान तैयार किया है।

केडीबी रोड (सेक्टर 2/3 कट से ब्रह्मसरोवर तक) आम जनता के लिए बंद रहेगा। नंदाजी स्मारक मार्ग भी वीवीआईपी आगमन के दौरान प्रतिबंधित रहेगा।

भारी वाहनों को नरकटारी, मिर्जापुर, दयालपुर और किरमिच रोड जैसे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। पर्यटकों के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था तिरुपति बालाजी मंदिर और 18 मंजिला मंदिर के पास की गई है।सुरक्षा व्यवस्था उपराष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। ब्रह्मसरोवर और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय क्षेत्र में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।क्विक रिएक्शन टीम (त्तक्रञ्ज) और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।सीसीटीवी कैमरों और सुरक्षा कर्मियों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। शहर के प्रमुख प्रवेश मार्गों और संपर्क सड़कों पर चेक पोस्ट लगाए गए हैं।

पुलिस प्रशासन की अपील : पुलिस प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों से अपील की है। ब्रह्मसरोवर की ओर बिना आवश्यक काम के वाहन लेकर न जाएं।

अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालन करें।गीता महोत्सव की भव्यता : गीता महोत्सव न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे भारत के लिए एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन है। इस महोत्सव में धर्म, संस्कृति, और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता इंतजामों से यह महोत्सव श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक यादगार अनुभव बनने की पूरी संभावना है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, भुवनेश्वर.** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर के एजी स्क्वायर पर जाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वह हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गईं। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने गृह जिले मयूरभंज का दौरा करने का भी कार्यक्रम बनाया है। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर किए अपने पोस्ट में कहा, डॉ. बी.आर आंबेडकर को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर – हमारे संविधान के निर्माता, एक राजनेता और दूरदर्शी हैं, जिन्होंने सामाजिक असमानताओं के खिलाफ अथक संघर्ष किया। न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के प्रति उनकी गहन प्रतिबद्धता सभी को प्रेरित करती रहती है।

### किसानों पर लाठीचार्ज करना और आंसू गैस के गोले दागना समाधान नहीं है : सैलजा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि एमएसपी गारंटी का कानून बनाने की मांग पर पैदल दिल्ली कूच कर रहे किसानों को जबरन रोकना, लाठीचार्ज करना तथा आंसू गैस के गोले दागना निंदनीय है। सरकार द्वारा अपनाई जा रही दमनकारी नीति किसानों की समस्या का समाधान नहीं है। यदि सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करना चाहती है तो आपस में बैठकर वार्ता करनी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि दिल्ली कूच के लिए शंभू बॉर्डर से किसान शांतिपूर्ण तरीके से पैदल ही सीमित संख्या में रवाना हुए थे। पुलिस ने पूर्व में किसानों को पैदल मार्च करने अनुमति देने का वादा किया था, मगर बाद में कई तरह की बंदिशें लगा दी। जब 101 किसानों का जत्था दिल्ली के लिए रवाना हुआ तो सरकार के इशारे पर पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए पूरा दम लगा दिया। किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे गए जो अनुचित है।

उन्होंने कहा कि किसानों पर जिस तरह से भाजपा की सरकार अत्याचार कर रही है, उससे सरकार का किसान विरोधी चेहरा सामने आ गया है। एक तरफ सरकार किसानों के कल्याण के लिए नीतियां बनाने का दावा करती है, दूसरी तरफ जब किसान अपनी जायज मांगों को मनवाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करते हैं तो उन्हें बलपूर्वक दबाया जा रहा है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी ने किसानों से हमदर्दी जताने की बजाय बेतुका बयान दिया है। सीएम ने कहा है कि दिल्ली कूच करने वाले किसान पंजाब राज्य के हैं। इसलिए पंजाब के सीएम को किसानों से बात करनी चाहिए। सीएम का यह गैर जिम्मेदाराना बयान है क्योंकि किसान पंजाब के हो या हरियाणा के। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का हक है।

सैलजा ने कहा कि एमएसपी का मामला केंद्र सरकार से जुड़ा हुआ है, पंजाब से नहीं। यदि पंजाब के किसान एमएसपी गारंटी का कानून बनाने की मांग पर केंद्र सरकार के पास जा रहे हैं तो हरियाणा सरकार को क्या आपत्ति है। सिर्फ किसान हरियाणा होकर दिल्ली जाना चाहते हैं।

# पंजाब विश्वविद्यालय ने भारत में स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए क्लाइमेट कम्पेटिबल ग्रोथ, यूके के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू), चंडीगढ़ ने भारत में स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण को आगे बढ़ाने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए क्लाइमेट कम्पेटिबल ग्रोथ (सीसीजी), यूके के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

पंजाब विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग द्वारा क्लाइमेट कम्पेटिबल ग्रोथ नेटवर्क, यूके और ब्रिटिश उप उच्चायोग, चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित उत्तर भारत प्रारंभ कार्यशाला के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



कार्यशाला में विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया गया, जिसका उद्देश्य उत्तरी भारत में सतत विकास के लिए एक रोडमैप तैयार करना था। यह समझौता ज्ञापन जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और हरित विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सीसीजी एक यूके सहायता-वित्तपोषित परियोजना है जिसका उद्देश्य वैश्विक दक्षिण में विकास प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए सतत ऊर्जा और परिवहन प्रणालियों में निवेश का समर्थन करना है। यह पहल यूसीएल, ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज, इंपीरियल कॉलेज और ओपन यूनिवर्सिटी सहित यूके के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ-साथ सेंटर फॉर ग्लोबल इक्वैलिटी, केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और क्लाइमेट पार्लियामेंट को एक साथ लाती है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, पंजाब विश्वविद्यालय और सीसीजी का उद्देश्य सहयोगात्मक अनुसंधान को मजबूत करना, ज्ञान के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना और भारत में क्षमता निर्माण प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह साझेदारी जलवायु संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त अनुसंधान पहल और अभिनव समाधानों के विकास को भी सक्षम बनाएगी। पंजाब विश्वविद्यालय के प्रो. सुमन मोर और प्रो. रमनजीत जोहल चंडीगढ़ में इंडिया सीसीजी नेटवर्क के सह-समन्वयक के रूप में काम करेंगे। प्रो. मोर ने कहा कि कार्यशाला ने ठोस कार्रवाई के लिए मंच तैयार किया है, जिसमें यूके और भारतीय संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाना, जलवायु-संगत विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट रणनीति विकसित करना और भारत में सतत विकास की दिशा में काम करने वाले विशेषज्ञों और संस्थानों के नेटवर्क को बढ़ावा देना शामिल है। प्रो. जोहल ने कहा कि कार्यशाला ने भारत में जलवायु-संगत विकास की महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए विभिन्न हितधारकों को सफलतापूर्वक एक साथ लाया है, जिससे सतत विकास का समर्थन करने के लिए भविष्य के सहयोग और कार्रवाई के लिए एक मजबूत नींव रखी गई है।

कार्यशाला का अंतिम दिन %जलवायु स्मार्ट शहर% विषय पर केंद्रित था, जिसकी अध्यक्षता पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में पर्यावरण स्वास्थ्य के प्रोफेसर डॉ. रवींद्र खैवाल ने की। इस सत्र में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने शहरी स्थिरता और जलवायु लचीलेपन पर विविध दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। प्रो. खैवाल ने शहरी उत्सर्जन को कम करने के लिए कार्बन-तटस्थ रणनीतियों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को स्वच्छ ऊर्जा की ओर अपने संक्रमण को तेज करना चाहिए और अपने जलवायु लचीलेपन को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, विशेष रूप से भारत और यूके के बीच के महत्व पर प्रकाश डाला, यूके ग्लोबल क्लीन पावर अलायंस और भारत के अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, साथ ही %एक सूर्य, एक पृथ्वी, एक ग्रिड% और हरित हाइड्रोजन जैसी पहलों के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला, जिनमें टिकाऊ प्रगति को बढ़ावा देने की क्षमता है। टुब डिज़ाइन लैब में आर्किटेक्ट और डिज़ाइन कंसल्टेंट श्री पामलजीत सिंह ने जलवायु के अनुकूल और स्थानीय रूप से प्राप्त सामग्रियों का उपयोग करके टिकाऊ निर्माण में अभिनव दृष्टिकोण प्रदर्शित किए, यह प्रदर्शित करते हुए कि कैसे इमारतों को कार्यक्षमता और सौंदर्य को बनाए रखते हुए जलवायु के प्रति अधिक लचीला बनाया जा सकता है। व्रद्ध के मैनेजिंग पार्टनर श्री अंगद गाडगिल ने सिटीवाइड ट्रांसपोर्ट एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिप्लॉयमेंट टूलकिट में अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की, शहरी गतिशीलता और ऊर्जा दक्षता में सुधार करने की रणनीतियाँ पेश कीं। उन्होंने पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए शहरी परिवहन प्रणालियों को बदलने के लिए अभिनव समाधान साझा किए। क्लाइमेट पार्लियामेंट के मुख्य नीति सलाहकार डॉ. संजय कुमार ने जलवायु निवेश को संगठित करने के लिए एक उपकरण के रूप में ग्रीन ज़ोन की अवधारणा पेश की, जिसमें टिकाऊ शहरी विकास को आगे बढ़ाने में नीतिगत ढाँचों के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यशाला के अंतिम तकनीकी सत्र में पहले दिन के ब्रेकआउट सत्रों के दौरान गठित तीन विषयगत समूहों की प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। इन समूहों ने हरित ऊर्जा, संधारणीय कृषि और जलवायु स्मार्ट शहरों पर ध्यान केंद्रित किया और अपने-अपने क्षेत्रों में वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य के अवसरों पर अपने विश्लेषण, सिफारिशें और कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि साझा की। कार्यशाला का समापन भारतीय और ब्रिटिश संस्थानों के बीच सतत सहयोग के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जिसका उद्देश्य भारत में जलवायु-अनुकूल विकास और सतत विकास को आगे बढ़ाना है।

## लॉरेंस पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



### रितेश गुप्ता और तेजरूप कौर को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, मोहाली।** लॉरेंस पब्लिक स्कूल, सेक्टर 51 ने धूमधाम के साथ दो दिवसीय वार्षिक खेल कार्यक्रम का आयोजन किया। पहले दिन के मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य अवार्डी शिव सिंह थे, जबकि दूसरे दिन के मुख्य अतिथि पूर्व एशियाई बास्केटबॉल अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और एशियाई नेटबॉल चैम्पियनशिप में एशियाई स्वर्ण पदक विजेता एडवोकेट अंकुर शर्मा थे।

इस बीच, छात्रों ने स्प्रिंट, रिले, लंबी कूद, शॉट पुट, भाला फेंक, रस्साकशी और कई अन्य प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लगभग हर छात्र ने इस खेल दिवस में भाग लिया । इस मौके पर बच्चों ने पोम पोम डांस, बॉल ड्रिल समेत कई अन्य एक्सरसाइज में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इसके साथ ही बॉल रेस, रन पिक, प्लेस रेस, बीन बैग बैलेंस और ट्रिपल साइकिल रेस जैसी प्रतियोगिताएं दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं।

अंततः फाइनल में 100 रेस बालकों में रितेश गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि दूसरा स्थान कबीर शर्मा और तीसरा स्थान गुरमोश सिंह ने हासिल किया। जबकि लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में पहला स्थान तेगरूप कौर, दूसरा स्थान जसमीत कौर और तीसरा स्थान सहजप्रीत कौर ने हासिल किया। 4 बाई 100 रिले रेस में कबीर शर्मा एवं टीम ने प्रथम स्थान, प्रतीश गुप्ता एवं जशन ने द्वितीय स्थान एवं जशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। थ्री लेग रेस में सतीश व तरनजीत को पहला, बॉबी वर्मा व तरन ग्रेवाल को दूसरा तथा सुभाष व अभिषेक को तीसरा स्थान मिला। भाला फेंक लड़कियों में दर्शप्रीत कौर ने पहला, जसमीत कौर ने दूसरा और मनविका ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाला फेंक लडकों में उदयवीर सिंह ने पहला, अगमजोत कौर ने दूसरा और दमनदीप कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। लंबी कूद लडकों में मनकीरत सिंह ने पहला, पर्थ ने दूसरा और युवराज सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## वेक्टस ने भारत की सबसे एडवांस्ड 10-लेयर पानी की टंकी लॉन्च की

**डेमोक्रेटिक फ्रंट शिमला.** भारत के प्रमुख वॉटर स्टोरेज सोलुशन समाधान प्रदाता, वेक्टस ने 10-लेयर वाली एक नई पानी की टंकी लॉन्च की है, जो वॉटर स्टोरेज सोलुशन तकनीक में एक नई क्रांति है। यह नवीन टंकी बेहतरीन मजबूती, अद्वितीय यूवी प्रतिरोध और नवीनतम एंटीबैक्टीरियल सुरक्षा के साथ आती है, जो साफ, सुरक्षित और लंबे समय तक चलने वाले जल भंडारण का एक आदर्श समाधान प्रदान करती है। वेक्टस की 10-लेयर टंकी में दस अलग-अलग परतें हैं, जिनका उद्देश्य टंकी को और मजबूत, टिकाऊ और पानी को स्वच्छ बनाना है। इसके मुख्य बिंदु हैंः कएडवांस्ड 10-लेयर की तकनीकः हर परत टंकी को मजबूत बनाने, इन्सुलेशन देने और सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाई गई है। इस डिज़ाइन से टंकी की ताकत बढ़ती है और तापमान के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है, जिससे यह टंकी हर मौसम में लंबे समय तक टिकती है। एंटीबैक्टीरियल सुरक्षाः टंकी की अंदरूनी परत में एंटीबैक्टीरियल तकनीक है, जो बैक्टीरिया को पनपने से रोकती है और पानी को साफ रखती है। यूवी-प्रोटेक्टिव लेयरः इस परत के कारण हानिकारक यूवी किरणें पानी को नुकसान नहीं पहुंचा पातीं, जिससे पानी ठंडा और सुरक्षित रहता है। बेहतर मजबूती और लीक-प्रूफ डिज़ाइनः 10-लेयर वाली मजबूत संरचना इसे बेहद टिकाऊ बनाती है, जिससे यह घरों, दुकानों और फैक्ट्रियों में उपयोग के लिए एक अच्छा विकल्प है।

कसुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल मटेरियलः यह टंकी फूड ग्रेड प्लास्टिक और पर्यावरण-अनुकूल मटेरियल से बनी है, जिससे पानी में कोई हानिकारक रसायन नहीं मिलता। लॉन्च पर वेक्टस के प्रबंध निदेशक श्री अतुल लढा ने कहा, हमारी 10-लेयर टंकी वेक्टस के गुणवत्ता और नएपन में आगे बढ़ने का प्रमाण है। पानी हमारे सबसे कीमती संसाधनों में से एक है, और इस नए उत्पाद के साथ हम अपने ग्राहकों को ऐसा समाधान देना चाहते हैं जो पानी को बचाए और स्वास्थ्य और पर्यावरण की भी सुरक्षा करे। वेक्टस के प्रबंध निदेशक, श्री आशीष बाहेती ने बताया कि, टेन-एक्स टंकी पुरानी टंकियों के मुकाबले कहीं ज्यादा टिकाऊ है। हर मटेरियल, जैसे कि फूड -ग्रेड प्लास्टिक, एंटीबैक्टीरियल और यूवी-स्टेबलाइज्ड तकनीक, को मजबूती, सुरक्षा और टिकाऊपन के लिए चुना गया है। वेक्टस का ग्राहकों पर ध्यान टेन-एक्स के डिज़ाइन में साफ झलकता है। कार्यकारी निदेशक श्री दिव्यन बाहेती ने बताया कि वे उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुत रिसर्च और विकास कर रहे हैं। हमारे उत्पाद केवल उपयोगी ही नहीं, बल्कि हमारे ग्राहकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। वेक्टस का यह नया प्रोडक्ट, 10-लेयर पानी की टंकी, वेक्टस के उद्देश्य के अनुरूप है, जिसमें एडवांस्ड तकनीक और उच्च गुणवत्ता निर्माण के माध्यम से जल सुरक्षा को बढ़ाना शामिल है। यह टंकी अलग-अलग आकारों में उपलब्ध है, जो घरों, दुकानों और उद्योगों की ज़रूरतें पूरी कर सकती है, और इसे वेक्टस के डीलर नेटवर्क के माध्यम से बेचा जाएगा। वेक्टस 30 से अधिक वर्षों से भारत में वॉटर स्टोरेज सोलुशन देने में सबसे आगे है। देशभर में इसके 4,000 वितरक, 15,000 से अधिक खुदरा विक्रेता और 10 निर्माण इकाइयाँ हैं, जो इसे भरोसेमंद बनाते हैं।




## महिलाओं के लिए बड़ी योजना का सोमवार को पानीपत से शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: नायब सिंह सैनी



**डेमोक्रेटिक फ्रंट पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को ऐतिहासिक नगरी पानीपत के सेक्टर 13-17 में सोमवार को आयोजित होने जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया व अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार हमेशा से गंभीर रही है व प्रधानमंत्री की महिलाओं को सशक्त करने की प्राथमिकता रही है। सरकार महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। 9 दिसंबर के कार्यक्रम को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह नजर आ रहा है। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया की पानीपत का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा इसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमा सखी योजना से महिलाएं और सशक्त होंगी व रोजगार के नए अवसर सर्जित होंगे। सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से भी महिलाओं के जीवन स्तर को आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति बिल पास करके महिलाओं को और सशक्त बनाया है। कुछ राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे थे लेकिन अब महिलाएं को और सशक्त बनाने के लिए सरकार कार्य कर रही है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ का भव्य संदेश दिया था, जिसका लाभ लाखों महिलाओं को मिल रहा है। कार्यक्रम के बाद बेटियों को सुरक्षा मिली और लाखों बेटियों को जीवनदान मिला।

मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार मजबूती से कार्य कर रही है। कुछ राजनीतिक दल किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसमें वे सफल नहीं होंगे। प्रधानमंत्री ने मजबूती व गति से किसानों के हित में फैसले लिए हैं। किसानों को सशक्त किया है। किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की शत प्रतिशत फसल एमएसपी पर खरीदी जा रही है। एमएसपी का लाभ छोटे किसानों को भी मिल रहा है। इसमें सब्जी वाले किसान मुख्य रूप से शामिल है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, महिपाल ढांडा, कृष्ण कुमार बेदी, विधायक प्रमोद विज और पूर्व सांसद संजय भाटिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कैथल में नायब सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा का दौरा, पीडीडब्लूडी कर्मचारियों से की बैठक

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, कैथल।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने आज कैथल के पीडीडब्लूडी रेस्ट हाउस में कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने प्रदेश की सड़कों के जाल को और भी सशक्त बनाने, स्वस्थ जल आपूर्ति और नल योजनाओं पर ध्यान देने की बात की। सड़कों और जल योजनाओं पर जोर = रणबीर गंगवा ने बैठक के दौरान कहा कि सरकार प्रदेश में बेहतर सड़कों का जाल बिछाएगी और नल से जल योजना को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्ता में कोई भी समझौता न करने की बात की। उन्होंने ठेकेदारों और एजेंसियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो ठेकेदार गुणवत्ता से समझौता करेंगे या लेटलतीफी करेंगे, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए गंगवा ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की नायब सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि स्स्क और फसलों की खरीद में किसानों को बेहतरीन दाम मिल रहे हैं, और हरियाणा के किसान इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने वर्तमान में चल रहे किसान आंदोलन का भी जिक्र किया। उनका कहना था कि यह आंदोलन पंजाब के किसानों से संबंधित है और हरियाणा सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सोनीपत के अरूण ने 10 हजार मीटर दौड़ में जीता नेशनल ब्रोंज मेडल, 29 मिनट 43 सेकंड 48 मिलीसेकंड में पूरी की रेस, तोड़ा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड, परिवार में खुशी





**डेमोक्रेटिक फ्रंट, सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिले में रायपुर गांव के अरूण ने उड़ीसा में आयोजित 39वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स में ब्रोंज मेडल जीता है। अरूण ने 10 हजार मीटर की रेस 29 मिनट 43 सेकंड 48 मिलीसेकंड में क्लियर की और अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर दी। नेशनल गेम्स में मेडल जीतकर अरूण ने अपने गांव, जिला व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अरूण के परिवार में खुशी का माहौल है। अरूण ने अपने मेडल का श्रेय कोच संदीप शर्मा व अपने माता-पिता को दिया है। अरूण का कहना है कि वह अपने देश का नाम इंटरनेशनल लेवल पर रोशन करना चाहता है। जिसके लिए वह लगातार तैयारी कर रहा है।

**लीडर ऑफ द रेस रहा अरूण, तोडा पिछला रिकॉर्ड:** उडीसा के भुवनेश्वर में स्थित कलिंगा स्टेडियम में आज 7 दिसंबर से 39वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चेम्पियनशिप शुरू हुई, जो 11 दिसंबर तक चलेगी। चेम्पियनशिप की शुरूआत लड़कों की 10 हजार मीटर रेस के साथ हुई। जिसमें 15 राज्यों के 22 प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया। सोनीपत में रायपुर गांव के अरूण ने अंडर-20 रेस में हिस्सा लिया। कोच संदीप शर्मा ने बताया कि अरूण ने शुरूआत से ही अच्छा गैप मेंटेन करके रखा और लीडर ऑफ द रेस रहा। 29 मिनट 43 सेकंड 48 मिलीसेकंड के साथ थर्ड पॉजिशन पर रहा। जबकि फर्स्ट पोजीशन 29 मिनट 43 सेकंड 39 मिलीसेकंड वाले धावक को मिली। अरूण ने पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जो 30 मिनट 24 सेकंड 08 मिलीसेकंड का था, जो कर्नाटक द्वारा बनाया गया था। अरूण ने बीते अगस्त माह में गुरूग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2024 में एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल जीता था। यहां उसने 5 हजार मीटर की रेस में हिस्सा लिया था। अरूण ने 15 मिनट 15 सेकेंड 86 मिली सेकेंड में दौड़ पूरी की थी। अरूण के पिता मनोज व माता रविता ने बताया कि बीती 15 अक्तूबर को भी अरूण ने करनाल में आयोजित हरियाणा स्टेट एथलेटिक्स चेम्पियनशिप में थर्ड पॉजिशन हासिल की थी। अरूण पहले भी नेशनल व राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुका है और अपने कोच के मार्गदर्शन में अपनी रेस को ओर बेहतर करता आया है।

## एक नजर

### ट्री एम्बुलेंस और पौधों के अस्पताल की टीम आज परशुराम भवन पहुँची



**चंडीगढ़।** जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन की ओर से संचालित ट्री एम्बुलेंस और पौधों के अस्पताल की टीम भगवान परशुराम भवन सेक्टर 37 चंडीगढ़ में पहुँचकर श्रीं ब्राह्मण सभा चंडीगढ़ के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों को पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित पेड़ और पौधों के देखरेख की विस्तृत जानकारी दिए। पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने सभी उपस्थित सदस्यों को पौधो के देखरेख को बहुत ही तकनीकीपूर्ण और वैज्ञानिकता के साथ बताते हुए अपने आस पास के पेड़ों को देखरेख करने का आग्रह किए और भवन के परिसर के पौधो पर भी छिड़काव किया गया। पौधो के अस्पताल टीम के प्रमुख डॉ सुभाष चंद जैन ने बताया के उनकी टीम पूरे ट्राइसिटी में अपनी सेवा देने के लिए सदैव तत्पर है और पेड़ पौधो के बचाने के साथ नागरिकों को भी जागरूक किया जा रहा है। श्री ब्राह्मण सभा चंडीगढ़ के प्रधान यशपाल तिवारी ने फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण के सरंक्षण और संवर्धन के जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए आगे भी एक साथ मिलकर पौधे लगाने और बचाने की जानकारी दिए।सभा के उपस्थित सभी सदस्यों ने फाउंडेशन के उत्कृष्ट कार्यों के लिए धन्यवाद किए।

### परमहंस विद्या मंदिर स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** परमहंस विद्या मंदिर स्कूल में स्कूल का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। गौरतलब है कि स्कूल के 23वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मिशन मानव सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रसेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व स्कूल के शिक्षक गणों व विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अतिथि का भव्य अभिनंदन किया गया। परमहंस विद्या मंदिर स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार द्वारा फूल मालाएं डालकर तथा बुके प्रदान करके मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल के वार्षिक उत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। स्वागत भाषण में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि एवम गणमान्य लोगों का अभिनन्दन किया। उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों और अभिभावकों को के वार्षिक उत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रिंसिपल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा भी अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए गए और छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का वार्षिक उत्सव छात्रों, शिक्षकों, और अभिभावकों के लिए एक बहुप्रतीक्षित अवसर होता है, जो न केवल मनोरंजन का माध्यम बनता है बल्कि छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है। यह उत्सव विद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक योगदान का उत्सव है, जहां विद्यार्थियों को अपने कौशल और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि वार्षिक उत्सव की तैयारियाँ कई सप्ताह पहले ही शुरू की गई थी। सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों को अनुशासन, समय प्रबंधन, और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और देश की उन्नति में इन सभी बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को आगे ब ?ने में माता पिता का अहम योगदान होता है और इस कार्य में अभिभावक सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षको द्वारा मिलकर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें छात्रों द्वारा नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य कलात्मक प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पारंपरिक और आधुनिक नृत्यों का संगम प्रस्तुत किए गए, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण बने। नाटक के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को भी मंच पर प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने धार्मिक और देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वार्षिक उत्सव में बच्चों ने योगा के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। गौरतलब है कि परमहँस विद्या मंदिर स्कूल का 2023-24 सत्र का परिणाम शत प्रतिशत रहा है और इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।



# शेमरॉक वर्ल्ड स्कूल जीरकपुर के वार्षिक उत्सव 'उत्कर्ष' का शुभारंभ



**डेमोक्रेटिक फ्रंट जीरकपुर।** शेमरॉक वर्ल्ड स्कूल, जीरकपुर ने आज अपने छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता की शुरुआत करते हुए एक भव्य चार दिवसीय वार्षिक उत्सव उत्कर्ष 2024 का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शेमरॉक स्कूल ग्रुप के चेयरमैन अमरजीत सिंह बाजवा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्टता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की सराहना की। स्कूल प्रिंसिपल चेतन बंसल ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत आशीर्वाद देने के लिए पारंपरिक गणेश वंदना और दीपक रोशनी अनुष्ठान के साथ हुई और मनमोहक प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के छात्रों ने सांस्कृतिक, सामाजिक और कलात्मक प्रस्तुतियों का मिश्रण प्रस्तुत करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हाइलाइट्स में ग्रेड 8 द्वारा प्रस्तुत मधुर मेरी प्रिया अम्मी, ग्रेड 8 द्वारा सशक्त जयतु जयतु भारत और ग्रेड 11 द्वारा प्रस्तुत सामाजिक रूप से प्रभावशाली कैंसर जागरूकता नाटक शामिल है। भांगड़ा रीमिक्स और छम-छम जैसे भावपूर्ण नृत्य ने मंच पर धूम मचा दी। ग्रेड 5 द्वारा साइबर सुरक्षा नाटक और वरिष्ठ छात्रों द्वारा ऑर्केस्ट्रा जैसे विशेष प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिन का समापन छात्र प्रतिनिधियों द्वारा मुख्य अतिथि और दर्शकों को धन्यवाद देने के साथ हुआ। इस कार्यक्रम ने समग्र विकास और रचनात्मक अभिव्यक्ति का जश्न मनाते हुए आने वाले दिनों के लिए एक प्रेरणादायक माहौल तैयार किया।

## सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल जगाधरी में सीबीएसई द्वारा हैप्पी क्लासरूम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित।** सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल, पाबनी रोड, जगाधरी में सेंट्रल बोर्ड ऑ? सेकेंडरी एजुकेशन (सी बी एस ई) द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन चेयरपर्सन डॉ. रजनी सहगल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ सी बी एस ई द्वारा मनोनीत रिसोर्स पर्सन डॉ. सीमा दत्त व् रुबीना नाज, विख्यात शिक्षाविद-डॉ. कम के सहगल, चेयरपर्सन- डॉ. रजनी सहगल, प्रिंसिपल पूजा बत्रा ने गणेश जी की पूजा अर्चना और पुष्पांजलि के साथ किया। इस कार्यशाला में जिला यमुना नगर के 19 स्कूलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। मंच सञ्चालन करते हुए मुख्याध्यापिका रचना शर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत और अभिनन्दन किया। डॉ. ?म के सहगल द्वारा रिसोर्स पर्सन का पुष्पगुच्छ प्रदान करके स्वागत किया गयाढ्ढ उन्होंने अपने आह्वान में कहा कि सी बी एस ई द्वारा आयोजित की जा रही इस प्रकार की कार्यशालाओं व् गोष्ठियों में शिक्षकों की गुणवत्ता, अध्यापन कला और उनके जीवन कौशल में सुधार और संशोधन अवशय होता है, साथ ही उन्होंने कहा कि देश के भावी कर्णधारो को सही दशा और दिशा देने में शिक्षकों की अहम् भूमिका है। शिक्षकों को चाहिए कि उनका पारदर्शी व्यक्तित्व विद्यार्थियों में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिक आदर्श मूल्यों को प्रतिस्थापित करे क्योकि शिक्षकों का जीवन कौशल ही विद्यार्थियों का उज्जवल भविष्य है.

रिसोर्स पर्सन डा सीमा दत्त ने शिक्षकों को आत्म जागरूकता का महत्व बताते हुए भावनाओ के आत्म नियमन के लिए शिक्षण रणनीतियां बनाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने यह भी सिखाया कि किस प्रकार शिक्षक अपने विद्यार्थियों व् सहशिक्षको के साथ सौहाद्रपूर्ण संबंध बना सकते है। रिसोर्स पर्सन रुबीना नाज ने बताया कि किस प्रकार शिक्षक अपने अनुभवों के आधार पर एक खुशहाल कक्षा बनाने की रणनीतियां तैयार कर सकते है। शिक्षक चाहे तो स्वय प्रसन रहकर अपनी प्रसन्ता विद्यार्थियों में स्थान्तरित कर सकता है। अगर शिक्षक व् विद्यार्थी दोनों प्रसन्न रहेंगे तो कक्षा का सकारात्मक होना निश्चित है। कई ग्रुप बनाकर उन्हें कई किर्याएँ सिखाई गयी

प्रिंसिपल पूजा बत्रा ने पधारे हुए प्रतिभागियों, प्रधानाचार्य और रिसोर्स पर्सन का धन्यवाद और आभार प्रकट किया और कहा कि रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों की क्षमता निर्माण के लिए जो प्रभावशाली व्याख्यान और क्रियात्मक गतिविधियां आयोजित कराई हैं उससे निश्चित रूप से सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंतिम सत्र में सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

## पॉडकास्ट मैगज़ीन : पॉडकास्टिंग इंडस्ट्री में एक नई मिसाल



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** आज के समय में पॉडकास्ट शब्द बहुत आम हो गया है। जितना लोग पॉडकास्ट सुनने लगे हैं, उतनी ही रुचि लोगों में खुद पॉडकास्टर बनने की भी देखी जा रही है, जिससे इसे एक पेशे के रूप में अपनाने की नई प्रेरणा उत्पन्न हुई है। इसी प्रेरणा ने लेखक मुबारक संधू को पॉडकास्टर्स के लिए एक नई मिसाल कायम करने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने द मुबारक शो पॉडकास्ट मैगज़ीन नामक एक पॉडकास्ट मैगज़ीन लॉन्च की। मुबारक संधू, जो 3 फिक्शन किताबों और 2 कविता संग्रहों के लेखक हैं, ने दिसंबर 2023 में अपने पॉडकास्ट की शुरुआत की थी। उनका उद्देश्य सकारात्मक और प्रेरणादायक सामग्री का निर्माण करना था, जिसे वे अपने मेहमानों के साथ उत्पादक संवादों के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। इस पॉडकास्ट को ट्राईसिटी क्षेत्र और उससे बाहर भी बहुत सराहा गया, क्योंकि इस शो में न केवल क्षेत्रीय, बल्कि अन्य राज्यों और देशों के प्रतिष्ठित मेहमानों को भी शामिल किया गया। एक लेखक होने के नाते, मुबारक संधू हमेशा अपनी पॉडकास्टिंग यात्रा का रिकॉर्ड बनाना चाहते थे, और शुरुआत में उन्होंने इसे एक किताब के रूप में लिखने का विचार किया।

हालांकि, एक रात उनके रचनात्मक दिमाग ने पूरी तरह से काम किया और पॉडकास्ट मैगज़ीन बनाने का विचार उभरा। उन्होंने इंटरनेट पर पॉडकास्ट मैगज़ीन को खोजा, लेकिन उन्हें ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिला जहां कोई पॉडकास्टर अपनी पॉडकास्ट पर आधारित मैगज़ीन बना रहा हो। यहीं पर मुबारक के लिए एक नई मिसाल स्थापित करने का अवसर आया। मुबारक संधू ने बिना समय गंवाए अपनी पॉडकास्ट मैगज़ीन पर काम करना शुरू कर दिया, जिसमें उन्होंने 50 एपिसोड पूरे होने पर इसे रिलीज़ करने का लक्ष्य रखा। उन्होंने यह लक्ष्य बड़े अंदाज में हासिल किया। 6 दिसंबर 2024 को द मुबारक शो ने अपने 50 एपिसोड पूरे किए, जो लगातार 50 हफ्तों तक हर शुक्रवार एक नए एपिसोड और नए मेहमान के साथ प्रसारित हुए। यह पॉडकास्ट मैगज़ीन एक वार्षिक मैगज़ीन है, जो हर साल दिसंबर में प्रकाशित होगी। हालांकि, यह एक व्यावसायिक मैगज़ीन नहीं है, बल्कि केवल निजी सर्कुलेशन के लिए बनाई गई है। इसमें वर्ष 2024 में द मुबारक शो में शामिल सभी 50 मेहमानों का विवरण, पॉडकास्टिंग यात्रा के दौरान आए चुनौतियों और उनके समाधान जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया गया है। यह मैगज़ीन, वर्ष भर की पॉडकास्टिंग यात्रा का दस्तावेज़ है, जिसे हर साल दिसंबर में तैयार किया जाएगा। द मुबारक शो पॉडकास्ट मैगज़ीन को प्रिंट और डिजिटल दोनों रूपों में बनाया गया है, जिसमें मेहमानों की प्रोफ़ाइल के साथ उनके संपर्क लिंक भी शामिल हैं।

मुबारक संधू ने इस मैगज़ीन की लॉन्चिंग को अपनी नई कविता पुस्तक द बेस्ट पोएट्री बुक, आई विश इट बिकम्स के साथ संयोजित किया। दोनों का विमोचन चंडीगढ़ के यूटी स्टेट गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में हुआ। लॉन्चिंग के दौरान, लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस 'टाइनी' ढिल्लों, श्री विवेक अत्रेय, सुश्री सगुना जैन, और श्री हरदीप सिंह चांदपुरी ने इनकी सराहना की। यह आयोजन नॉवेल बंच लिटरेरी फोरम के समर्थन से आयोजित किया गया था। द बेस्ट पोएट्री बुक, आई विश इट बिकम्स अमेज़न पर विश्वभर में उपलब्ध है और कविता श्रेणी में पहले से ही चार्ट में शीर्ष स्थान पर है। वहीं, द मुबारक शो पॉडकास्ट मैगज़ीन मुबारक संधू के पास उपलब्ध है।

## ज्ञान ज्योति में विद्यार्थियों को प्रोफेशनल जीवन में सफलता के गुर सिखाए गए

**डेमोक्रेटिक फ्रंट, मोहाली.** ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी फेज दो द्वारा एक दिवसीय जागरूकता सैशन का आयोजन किया गया। इस सैशन में सी-डेक से उद्योग माहिर हरकीरत कौर और एस सी एल से सिमरप्रीत कौर शामिल थीं, जिन्होंने छात्रों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। इस दौरान एक्सपर्ट्स ने बाजार में नौकरियों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए तकनीकी प्रगति से अवगत रहने और प्रासंगिक उद्योग कौशल विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन साक्षात्कारों को पूरा करने के लिए व्यावहारिक सुझावों और एक मजबूत पेशेवर नेटवर्क बनाने के महत्व पर भी चर्चा की गई। साथ ही छात्रों को समाज में अपनी पहचान बनाने और लोगों के बीच अपना नाम बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया कि उसे समय चाहिए । इस अवसर पर बोलते हुए, ज्ञान ज्योति के डायरेक्टर डॉ. अनीत बेदी ने कहा कि इस तरह के सेमिनार न केवल उन्हें जीवन का पाठ पढ़ाते हैं बल्कि यह भी बताते हैं कि एक सफल इंसान कैसे बनें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसलिए कड़ी मेहनत और पूरी प्लानिंग की जरूरत होती है । अपने विचार साझा करते हुए चेयरमैन जेएस बेदी ने कहा कि हम अपने छात्रों को प्रोफेशनर्ल तैयार करने का प्रयास करते हैं । जबकि ऐसे आयोजन छात्रों के उद्देश्य को हल करने और उनके समग्र विकास के लिए सहायक होते हैं।

# श्री गुरू तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस और एच डी एफ सी बैक के स्थापना दिवस पर 37 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** मिशन रक्तक्रान्ति हिंदुस्तान अभियान के तहत गुरुद्वारा श्री सिंह सभा,इंडियन रेडक्रास सोसायटी और स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से गुरुद्वारा श्री सिंह सभा पुराना हमीदा यमुनानगर एच डी एफ सी बैंक के स्थापना दिवस एंव हिंद की चादर श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ रक्तवीरों के माध्यम से 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप मे हमीदा चौंकी इंचार्ज ,रजत शर्मा, वशिष्ठ अतिथि बुढ़िया गेट चौकी इंचार्ज गुरुदयाल सिंह , समाजसेवी , डाक्टर सुनील नारंग, सुनील कालरा, अभिषेक अरोड़ा, डाक्टर गुलशन नारंग, संजीव गढ़,रमन कालरा, अश्वनी मैहंदीरता ने अपनी गरमीय उपस्थिति दी, । मुख्य अतिथि रजत शर्मा ने कहां कि एच डी एफ सी बैंक ब्रांच कमानी चौंक के मैनेजर बिक्रमजीत सिंह और अमनदीप सिंह ने स्माइल फाउंडेशन संस्था और इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से रक्त दान शिविर लगाकर एक सराहनीय कार्य किया है ब्लड बैंक में ब्लड पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध होने से मरीजो को समय पर ब्लड मिल जायेगा । यह रक्तदान शिविर एच डी एफ सी बैंक के स्थापना दिवस के साथ साथ हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी की कुर्बानी को समर्पित है यह रक्त थैलेसीमिया बच्चों के लिए एक संजीवनी का काम करेगा । सरदार बिक्रम सिंह ने बताया के बैंक के स्थापना दिवस पर हर साल रक्त दान शिविर आयोजित किया जाता है उन्होंने कहा कि रक्त की एक बूंद का महत्व वो ही समझ सकता है जिसे वक्त पर ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाता लाखों लोग ब्लड ना मिलने के कारण अपनी जान गंवा देते हैं सभी का फर्ज बनता है कि ब्लड की कमी को पूरा करने के लिए समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि ब्लड की कमी के कारण होने वाली मौतों को रोका जा सके । रक्त दान शिविर में बैंक की दो महिला कर्मचारियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया । स्माइल फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव मैहता ने कहा कि संस्था ने मिशन रक्त क्रान्ति हिंदुस्तान अभियान की शुरुआत कर रखी है जिसमे ज्यादा हो से ज्यादा रक्त दान शिविर गांवों में लगाकर लोगों को रक्त दान के प्रति जागरूक किया जाये । अभी तक सबसे ज्यादा 200 रक्तदान शिविर लगवा चूकी है जो संस्था के लिए गर्व की बात है सुमित मैहंदीरता ने बताया कि गुरूद्वारा श्री सिंह सभा मे पहला रक्त दान शिविर आयोजित किया गया है । सिविल अस्पताल यमुनानगर के ब्लड बैक की टीम ने रक्त संग्रह किया और सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस रक्तदान शिविर में हरीश सेठा , प्रवीण, रिंकू कालरा, आशिश सोनी, सुमित सोनी का विशेष सहयोग रहा।



## एक नजर

### डॉ पी एस सागवान मेमोरियल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के लिए किए वस्त्र एकत्रित



**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** डॉ0 पी0एस0 सांगवान मैमोरियल ट्रस्ट उकलाना द्वारा सर्दी के मौसम के मद्देनजर जरुरतमंदों के लिए गर्म वस्त्र एकत्र करने का अभियान चलाया गया। इसके लिए सोशल मीडिया पर अपील करके तथा अन्य तरीकों से प्रचार करके दानी सज्जनों से अपील की गई। प्रोजेक्ट चेयरमैन नफे सिंह नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट की सोच थी कि संपन्न लोगों के घर पर संभाल कर रखे गए उन वस्त्रों को जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए, जिन्हें प्रयोग नहीं किया जाता। इसी के अंतर्गत सांगवान हस्पताल के सामने एक शिविर लगाया गया। शिविर में दानी सज्जनों की तरफ से काफी सहयोग मिला और प्रयोग करने लायक काफी कपड़े एकत्र हुए। हितेश चराया ने बताया कि अगले सप्ताह के दौरान इन वस्त्रों को जरुरतमंदों को वितरित कर दिया जाएगा। शिविर में संचालक डॉ0 देवेन्द्र सांगवान, सुंदर मित्तल, नरेश आहुजा, शिवकुमार गुप्ता, एडवोकेट विपिन कथूरिया, दीपू बतरा, गुलशन आहुजा, जगन्नाथ बवेजा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### गांव घुकांवाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिदर जिंदल.** गांव घुकांवाली में खेत में पानी लगा रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने जगपाल सिंह पुत्र टहल सिंह निवासी घुकांवाली की शिकायत पर हरमन सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टहल सिंह ने पुलिस को अपने ब्यान में बताया कि मैने बलविन्द्र सिंह उर्फ मिन्द्र सिंह पुत्र बलदेव सिंह की जमीन हिस्से पर ले रखी है और अग्रेज सिंह व बलदेव सिंह आपस मे बाप बेटा है। जिनका जमीन को लेकर आपस मे झगड़ा था और जिसका राजिनामा हो गया था। जो मैने हिस्से पर जमीन ले रखी है। मैं पानी लगा राह था तो हरमन सिंह खेत मे मेरे पास आया और आते ही कहने लगा कि तु मेरे पिता अग्रेज सिंह व मेरे दादा बलदेव सिंह की आपस मे लड़वाता है। इतना कहते ही उसने कस्सी का बिण्डा मेरी पसलीयों में मारा और मैं जमीन पर गिर गया। मेंने शोर मचाया तो खेत के पड़ोसी मुझे छुड़वाने आये तो उन्हे आता देखकर हरमन सिंह मौका से भाग गया। मेरे घरवालों ने मुझे सरकारी हस्पताल ओढ़ा में दाखिल कराया और वहां से नागरिक अस्पताल सिरसा रैफर कर दिया। एएसआई मदन लाल ने टहल सिंह की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 117(2) के तहत मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### गांव चोरमार के निकट सड़क दुर्घटना में मामा व भांजा की मौत और मां बेटा घायल

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कालांवाली वरिदर जिंदल.** गत रात्रि गांव चोरमार के निकट एक सड़क दुर्घटना में मामा भांजा की मृत्यु हो गई और एक महिला व उसका पुत्र घायल हो गया। पुलिस ने जसबीर सिंह पुत्र चिमन लाल निवासी साहुवाला प्रथम की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जसबीर सिंह ने अपने ब्यान में बताया कि 6 दिसम्बर की रात को मैं व मेरी पत्नी सुमन, लड़के शंकर व साहिल और मेरी पत्नी का धर्म भाई सुखबीर सिंह पुत्र मिट्ठु सिंह निवासी कर्मगढ़ सभी मेरी ससुराल विजय नगर राजस्थान एक धार्मिक प्रोग्राम में शामिल होने के लिए मोटर साईकिल नम्बर HR-24 S-9309 पर डबवाली जा रहे थे।

# शिल्प मेले में दिख रही टेंपल ज्वेलरी और कोसा सिल्क साड़ियों की मांग

### सोने के बढ़ते दाम के बाद 1 ग्राम गोल्ड पॉलिश से बने जेवर बन रहे महिलाओं की पसंद

### सिल्क और कॉटन सूट के लिए भी स्टॉल पर लग रही भीड़





**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** 14वें चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेले में महिलाओं की पहली पसंद टेंपल ज्वेलरी और कोसा सिल्क की साड़ियां बनी हुई हैं। रविवार को मेले का अंतिम दिन है और आप भी इसे कालाग्राम में देख सकते हैं। चंडीगढ़ की रहने वाली पूनम 25 सालों से ज्वेलरी का काम कर रही हैं और वे अपने खास कलेक्शन को लेकर मेले में आई हैं। उन्होंने बताया कि टेंपल ज्वेलरी की मांग यहां सबसे ज्यादा है। हमारे पास हर तरह की ज्वेलरी है, जो आपको बड़ी दुकानों पर मिलेगी, लेकिन इसके दाम वैसे नहीं हैं। ये सिर्फ 1 ग्राम गोल्ड पॉलिश से तैयार की गई है। हम अपनी ज्वेलरी खुद तैयार करवाते हैं। यहां पर मटर माला, टेंपल सेट, लॉन्ग सेट, ईयररिंग आदि को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सोने का दाम प्रति तोला 75 हजार के करीब पहुंच गया हैं। ये आम लोगों की पहुंच से बाहर है, लेकिन हम ऐसी ज्वेलरी बना रहे हैं जिसे कोई भी खरीद या पहन सकता है। 1 ग्राम गोल्ड पॉलिश से तैयार की हुई ज्वेलरी के अलावा हमारे पास सिल्वर, एथनिक, एडी आदि की भी अच्छी रेंज है। टेंपल सेट के दाम 3500 से शुरू होकर 12 हजार रुपए तक हैं। उन्होंने कहा कि सोने को पहनना आज लोग कम पसंद करते हैं क्योंकि उसे सुरक्षित रखना चुनौती है। ये पहुंच से भी बाहर है और ज्यादातर समय गोल्ड बैंक लॉकर में ही रहता है। इसलिए हमारी ज्वेलरी लोगों को पसंद आ रही है और ये असली से किसी भी तरह से कम नहीं है। इसके अलावा रूबी, पन्ना, पुखराज, नीलम आदि की मालाएं भी लोग पसंद कर रहे हैं।

**तेलंगाना की साड़ियां भी आ रही पसंद :** 30 वर्षीय अशोक तेलंगाना से लेडीज कपड़ों की कलेक्शन लेकर शिल्प मेले में आए हैं। इनके कपड़ों की काफी मांग देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारे पास साड़ियां सिल्क और कॉटन दोनों में उपलब्ध है। इसकी रेंज 1000 रुपए से शुरू होती है और 4000 रुपए तक की रहती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास कोसा, मिशलेन, चंदेरी, डुपलीन आदि सिल्क की साढ़ियां हैं। इसके अलावा कॉटन में भी साड़ियों का कलेक्शन है। अगर मैं सबसे खास साड़ी की बात करूं तो वो कोसा सिल्क है।

इसकी बुनाई में 1 से 1.5 महीने का समय लगता है और फिर इसपर जरी का काम किया जाता है। इसकी रेंज 3500 से शुरू होती है और डिजाइन के हिसाब से इसका रेट तय होता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हमारे पास कॉटन सूट और दुपट्टे की भी काफी रेंज है। इसे भी लोग पसंद कर रहे हैं।

## पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ समन्वय करेंगे- मिस्ल सतलुज द्वारा आयोजित 'सदा भाईचारा' कॉन्फ्रेंस में समिति का गठन



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के किसान भवन में मिसल सतलुज द्वारा आयोजित 'सदा भाईचारा (यूनिटी कॉन्फ्रेंस)' कार्यक्रम में भारत में विभाजनकारी ताकतों से लड़ने के लिए पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की समन्वय समिति (कॉर्डिनेशन कमेटी) का गठन किया गया। इस अवसर पर शामिल वक्ताओं ने भाजपा और आरएसएस की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ एकजुट होकर एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया।

यूनियनिस्ट सिख मिशन के चैयरमैन, मनोज सिंह दुहन ने कहा कि इस समय देश का सबसे बड़ा विरोधाभास ब्राह्मणवाद है, उन्होंने इसका मुकाबला प्यार से ही करने की सलाह दी।

सुप्रीम कोर्ट के जाने माने वकील, महमूद परचा ने बैलट पेपर की वापसी और भारतीय संविधान की रक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, ईवीएम हटाओ, बैलट पेपर लाओ को मुख्य मुद्दा बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा, यदि हम संविधान को बचा लें और इसे हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बना दें, तो हम अपने देश को बचा पाएंगे। उन्होंने राज्यों की स्वायत्तता पर भी जोर दिया और कहा कि सभी राज्यों को स्वायत्त होना चाहिए। वे (बीजेपी और आरएसएस) लोगों के बीच एकता को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अल्पसंख्यकों के लिए विशेष कानून होने चाहिए और एसजीपीसी अधिनियम को मजबूत किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, बलराज मलिक ने कहा कि सभी मनुष्य एक ही जाति के हैं। उन्होंने कहा, मनुवादी विचारधारा सबसे खतरनाक है।

जब तक हम इसे नहीं समझेंगे, हम इसे हरा नहीं सकते। जातिवाद इस देश के लिए एक कैंसर है। उन्होंने यह भी कहा कि यह देश राज्यों का संघ है, लेकिन बीजेपी सबकुछ केंद्रीकृत करना चाहती है। यह शोषण की मानसिकता है। हमें राज्यों के लिए अधिक अधिकारों की आवश्यकता है, और राज्यों को पंचायतों और ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार देने चाहिए।

हरियाणा के किसान नेता, पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि जो लोग इस शासन से पीड़ित हैं, उन्हें सिख धर्म अपनाना चाहिए। ब्राह्मणवाद से लड़ने का यही एकमात्र तरीका है। केवल खालसा ही हिंदुत्व से लड़ सकता है।

युवा नेता और कार्यकर्ता डॉ. ऋतु सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि वे देश के समक्ष मौजूद समस्याओं को हल करने के लिए मिलकर काम करें। मिसल सतलुज के प्रेसिडेंट, एस. अजयपाल सिंह बराड़ ने एक सामंजस्यपूर्ण उत्तर भारत की आवश्यकता पर जोर दिया जहां सभी समुदाय अपने मतभेदों से ऊपर उठ सकें और एक साझा, उवल भविष्य के लिए मिलकर काम कर सकें। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. श्याम लाल, डॉ. कपूर सिंह, सर्व खाप नेता डॉ. ओमप्रकाश ढांकर, तुलसी ग्रेवाल, एस. किर्पाल सिंह, डॉ. यशपाल सिंह, राम किशन पावड़िया, महासचिव देविंदर सिंह सेखों, हरदीप सिंह डोड, समेत उत्तर भारत के कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

## शिवानन्द चौबे मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 71वें रक्तदान शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्रित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** अपने समाजिक जम्मिेदारी और कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शिवानन्द चौबे मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसायटी रिसोर्स सेंटर , सेक्टर 37 चण्डीगढ़ में 71वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 56 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया ! इस रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की हौसला अफजाई के लिये पंजाबी फल्मि कलाकार नरिनदर नीना , सुनील कुमार चहल , संजय सिंह , अरुण कुमार मिश्रा , अभिषेक गुप्ता , लोकेश सौरभ , दीपक , अनुराग , संजना , रजनी , हेमन्त सिंह इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद रहे तथा ट्रस्ट द्वारा लगातार किए जा रहे इस नेक कार्य की सभी ने प्रशंसा की। ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने के लिये सभी रक्तदाताओं और अतिथियों को सम्मान स्वरूप तरह-तरह के पौधे भेंट किये गये एवं सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिवानन्द चौबे मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट की महासचिव सरोज चौबे ने युवाओं से अपील किया की वो ऐसे नेक काम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और किसी की अमूल्य जिन्दगी बचाने में अपने सामाजिक भागीदारी का निर्बहन करे! संजय कुमार चौबे ने कहा की हर स्वस्थ्य ब्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई दूसरा बिकल्प नहीं है और हमारा रक्तदान शिविर लगाने का मकसद भी उन मरीजों कि मदद करना है , जिनकी रक्त कि कमी से जिंदगी कि डोर कमजोर पड़ जाती है! शिविर को सफल बनाने के लिए संजय कुमार चौबे ने सभी सहयोगियों, रक्तदाताओ, आये हुए सम्मानित अतिथिगणों तथा मेडिकल टीम का आभार ब्यक्त किया।

# चंडीगढ़ में मैकमा एक्सपो का आयोजन 13 से 16 दिसंबर तक

### चंडीगढ़ में फॉर्च्यून प्रदर्शकों की मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** भारत की सबसे उत्कृष्ट मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी मैकमा एक्सपो 2024 मशीन टूल्स प्रदर्शनी का आयोजन 13 से 16 दिसंबर तक परेड ग्राउंड, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में किया जा रहा है। यह एक्सपो उत्पाद प्रदर्शन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं को प्रदर्शित करेगा।

प्रेस क्लब, चंडीगढ़ में की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए करमजीत सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, फॉर्च्यून एग्जीबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने बताया कि पिछले कई वर्षों से मैकमा एक्सपो मशीन टूल्स उद्योग और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी के विकास में शीर्ष योगदानकर्ताओं का लक्ष्य रखता रहा है, जो अपने प्रदर्शकों और आगंतुकों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी जो इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, नवाचार, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए खड़ी थी। इस अवसर पर उनके साथ चरन सिंह डायरेक्टर, फॉर्च्यून एग्जीबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड, तरलोचन सिंह अध्यक्ष एसोसिएशन ऑफ लुधियाना मशीन टूल्स इंडस्ट्रीज, सुरेंदर गुप्ता अध्यक्ष, चंडीगढ़ चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, अरुण गोयल, महासचिव, चंडीगढ़ चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि मैकमा एक्सपो का आयोजन फॉर्च्यून एग्जीबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है और प्रदर्शनी के इस संस्करण में मशीन टूल्स, प्लास्टिक मशीनरी, ऑटोमेशन और इंजीनियर प्रौद्योगिकी को कवर किया जाएगा। प्रदर्शनी के बारे में अधिक जानकारी देते हुए करमजीत सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी उद्योगपतियों को बेहतरीन अवसर देगी, जो उन्हें अपने क्षेत्र में व्यवसाय बढ़ाने में मदद करेगी। मैकमा एक्सपो का मिशन हमारे ग्राहकों को समर्पित और अनुकूलित व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से व्यावसायिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के उनके दृष्टिकोण को साकार करने में सहायता करना है।

प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कुछ प्रमुख प्रदर्शकों में ज्योति सीएनसी, जेवू मशीन्स, यशुका ग्रुप, एडवांस ग्रुप, हैको मशीनरी, जय श्री मशीन टूल्स, गुरुचरण इंडस्ट्रीज, फूजी इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रांसकॉन इंजीनियर्स, भाव्या मशीन टूल्स, जे. के मशीन और कनखल ग्रुप आदि हिस्सा ले रहे है। उन्होंने कहा कि एक्सपो 13 से 16 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा और इसका समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक होगा।

## राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र 'निसान एकेडमी' लॉंच



डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़- निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) ने निसान एकेडमी के रूप में अपना पहला अत्याधुनिक राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र खोलने का एलान किया है। यह एकेडमी चेन्नई स्थित अलायंस जेवी प्लांट में खोली गई है। एकेडमी के माध्यम से देशभर में निसान डीलरशिप एवं सर्विस स्टाफ नेटवर्क का कौशल निखारा जाएगा और उनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी। इससे ग्राहकों को अनूठा अनुभव देने की निसान की प्रतिबद्धता को मजबूती मिलेगी। निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट एवं डीवीपी एएमआईईओ फ्रैंक टोरेस ने एकेडमी का उद्घाटन किया। 10,500 वर्ग फीट में बनी इस एकेडमी को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे निसान मोटर इंडिया डीलरशिप टीमों को सेल्स, टेक्निकल मेंटेनेंस और बॉडी शॉप सर्विस के मामले में शीर्ष स्तर का शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। वाहनों की रिपेयरिंग, जांच-पड़ताल और एग्रिगेट ओवरहॉलिंग (सामान्य रखरखाव) की हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के लिए इस एकेडमी में एडवांस्ड मैकेनिकल वर्कशॉप की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, इसमें अत्याधुनिक बॉडी शॉप की व्यवस्था की गई है, जिसमें उन्नत उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे रिपेयर एवं मेंटेनेंस की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। इस एकेडमी के माध्यम से निसान की डीलरशिप टीमों को व्यावहारिक एवं उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसका उद्देश्य देशभर में निसान के नेटवर्क पर ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करना है। इस एकेडमी में सालाना 1,000 से ज्यादा तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा। यह एकेडमी देशभर में अपने डीलरशिप नेटवर्क को मजबूत करने एवं विस्तार देने तथा सर्वोच्च मानक वाली सेवाएं देने की निसान की प्रतिबद्धता का अहम हिस्सा है।





ONLINE / Home Tutions
COMMERCE CLASSES
SUBJECTS:
Accountancy, Economics, Business Studies
CLASSES:
11TH, 12TH, B.COM, B.BA
By Qualified & experienced teachers
1 FREE DEMO CLASS
CONTACT NO.
6280972022

MEDITECH EDUCATION
CONSULTANTS & ADVISORS
For Medical and Para Medical courses from UGC approved Universities
Contact:
8194959372


स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com